सेवोत्तम प्रमाणित

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

104, महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ–226001

website:http://www.upavp.com Email: upavp@sanchar.net.in

सेवोत्तम प्रमाणित

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 SQMS

गोकुल ग्राम योजना-I (मुन्नू खेडा) एवं गोकुल ग्राम योजना-II (बीबी खेडा) लखनऊ में जी+3 के दुर्बल आय वर्ग व अल्प आय वर्ग भवनों के

पात्रता चयन की सूचना

परिषद की गोकुल ग्राम योजना–I (मुन्नू खेडा) एवं गोकुल ग्राम योजना –II (बीबी खेडा) लखनऊ में जी+3 के दुर्बल आय वर्ग व अल्प आय वर्ग भवनो हेतु दि0 **18.01.2014** से दि0 **15.03.2014** तक पंजीकरण खोले गये थे। प्राप्त आवेदन फार्मों में कतिपय त्रुटियां पाई गयी थी जिन्हें नियमतः संशोधित कराने हेतु आवदेकों की सूची परिषद की बेवसाइट (upavp.com) पर डालकर दि0 **15.07.2014** तक सही कराने हेतु सूचित किया गया था, परन्तु अभी भी कुछ आवेदकों द्वारा आवेदन पत्रों में कमियों को पूर्ण नहीं कराया गया है।

अतः ऐसे समस्त आवेदकों को अन्तिम अवसर दिया जा रहा है कि परिषद की वेबसाइट (upavp.com) पर उपलब्ध सूची में दी गई आपत्तियों का निराकरण **कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक (राजाजीपुरम), आफिस काम्पलेक्स, पंचम तल, वृन्दावन योजना, सेक्टर–9, रायबरेली रोड, लखनऊ** में विलम्बतम दि0 **30.09.2014** तक करवा लें, अन्यथा उन्हें पात्रता चयन में सम्मिलित नहीं किया जायेगा तथा भविष्य में उनका कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त जिन आवेदकों द्वारा पंजीकरण धनराशि कम जमा की गई है वह भी दिनांक **30.09.2014** तक अवशेष धनराशि का बैंक ड्राफ्ट **''उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ''** के नाम देय बनवाकर तथा आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी (तहसीलदार) द्वारा निर्गत इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। पात्र पंजीकृत आवेदकों के मध्य पात्रता चयन का ड्रॉ दि0 **10.10.2014** को प्रातः **10:30** बजे से आफिस काम्पलेक्स, वृन्दावन योजना, सेक्टर–9, रायबरेली रोड, लखनऊ में किया जायेगा।

आवास आयुक्त